दिन– गुरूवार दिनांक– 30/05/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण को लेकर चुनाव प्रचार का शोर थमा। सभी दलों के नेताओं ने अंतिम दिन अपनी पूरी ताकत झोंकी।

02. एक जून को आरा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, बक्सर, काराकाट, जहानाबाद, सासाराम और नालंदा संसदीय क्षेत्रों में डाले जायेंगे वोट।

03. प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। लू लगने से चुनाव ड्यूटी पर तैनात बक्सर और नालंदा जिले में दो कर्मियों की मौत।

04. और, मौसम विभाग ने कल भी पटना, नालंदा, शेखपुरा सहित कई जिलो में भीषण गर्मी को लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार अभियान आज समाप्त हो गया। इस चरण के तहत राज्य के आठ संसदीय क्षेत्रों– नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद में एक जून को मतदान होना है। प्रचार अभियान के अंतिम दिन एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी। दोनों गठबंधन के अलावा अन्य राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी भी जोर–शोर से प्रचार अभियान में जुटे रहे। प्रचार के आखिरी दिन सभी आठ संसदीय क्षेत्रों में एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं के साथ ही अन्य दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जनता को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए पूरी ताकत लगा दी। इन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार के दौरान राष्ट्रवाद, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी जैसे राष्ट्रीय मुद्दों के साथ ही स्थानीय मुद्दें भी छाए रहे।

पटना जिले के दो प्रमुख संसदीय क्षेत्र पाटलिपुत्र और पटना साहिब में सभी दलों और गठबंधन के नेताओं ने घुआंधार प्रचार किया। इन सीटों पर कैसा रहा चुनाव प्रचार बता रहे है, हमारे संवाददाता आशीष रंजन।

–––बाईट–––

आरा संसदीय सीट के लिए प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों और गठबंधन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। और ब्योरा हमारे संवाददाता मुकेश कुमार सिन्हा से।

–––बाईट–––

नालंदा संसदीय सीट के लिए विभिन्न दलों के बड़े नेताओं ने धुआंधार प्रचार किया। कैसा रहा क्षेत्र में प्रचार का रंग बता रहे है संवाददाता निरंजन कुमार–

———बाईट———

कैमूर से हमारे संवाददाता ने बताया कि भभुआ, मोहनिया, रामपुर और कुदरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न दलों के स्टार प्रचारकों ने जम कर प्रचार किया।

———बाईट———

काराकाट संसदीय क्षेत्र के लिए आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन दोनों गठबंधनों के अलावा विभिन्न दलों के प्रचाराकों ने जमकर प्रचार किये।

———बाईट———

जहानाबाद संसदीय सीट पर भी जोर शोर से प्रचार हुआ। आखिरी घंटों मे प्रत्याशि डोर टू डोर संपर्क कर रहे है। और ब्योरा दे रहे है हमारे संवाददाता आभाष रंजन।

———बाईट———

———————————————————————————————

लोकसभा के सातवें चरण के चुनाव में कई दिग्गज उम्मीदवारों और पूर्व केन्द्रीय मंत्रियों के चुनावी किस्मत का फैसला होना है। आरा संसदीय क्षेत्र से केन्द्रीय मंत्री आर. के सिंह, भाजपा के प्रत्याशी हैं उनका सीधा मुकाबला सीपीआई माले के सुदामा प्रसाद से है। वहीं, पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में भी रोचक मुकाबले के आसार है। यहाँ से पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद लगातार दूसरी बार भाजपा के प्रत्याशी हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अंशुल अविजित को चुनावी मैदान में उतारा है। श्री अविजित लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र हैं। इधर, पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामकृपाल यादव और राष्ट्रीय जनता दल की मीसा भारती आमने–सामने है। भाजपा उम्मीदवार श्री यादव लगातार तीसरी बार जीत के लिए चुनावी मैदान में है। काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए समर्थित राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा और सीपीआई माले के राजाराम सिंह चुनावी मैदान में हैं। भोजपुरी गायक पवन सिंह के चुनावी मैदान में उतरने से इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। इस चरण की बक्सर सीट पर भी सभी की निगाहें हैं। यहाँ से भाजपा ने मिथिलेश तिवारी को और राष्ट्रीय जनता दल ने सुधाकर सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है। सातवें चरण में बक्सर सीट पर पूर्व मंत्री ददन यादव और पूर्व आइपीएस अधिकारी आनन्द मिश्रा के चुनावी मैदान में उतरने से इस सीट पर मुकाबला चतुष्कोणीय हो गया है। नालंदा संसदीय सीट पर जनता दल युनाइटेड के कौशलेन्द्र कुमार और सीपीआई

माले के संदीप सौरभ के बीच आमने–सामने की टक्कर हैं। वहीं, जहानाबाद संसदीय सीट से जदयू प्रत्याशी चन्देश्वर प्रसाद चन्द्रवंशी और राष्ट्रीय जनता दल के सुरेन्द्र प्रसाद यादव के बीच कड़ा मुकाबला है। सासाराम संसदीय सीट से भाजपा के शिवेश राम और कांग्रेस के मनोज कुमार सिंह के बीच आमने–सामने की टक्कर है।

————————————————————————————

सातवें चरण में एक करोड़ बासठ लाख से अधिक मतदाता बारह महिला सहित एक सौ चौंतीस उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। सबसे अधिक उनतीस उम्मीदवार नालंदा संसदीय क्षेत्र में जबकी सबसे कम दस प्रत्याशी सासाराम से किस्मत आजमा रहे हैं।

————————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। आद्रता बढ़ने से लागों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। आज भी राज्य के कई क्षेत्रों में अधिकतम तापमान छियालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने कल भी राज्य की कई हिस्सों में भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया है। अगले चौबीस घंटों के दौरान बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, शेखपुरा, बेगूसराय, नवादा, नालंदा, पटना, गया सहित आस–पास के जिलो में भीषण गर्मी को लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि एक जून से राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्से में कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, अगले कुछ घंटों में बांका, अररिया, किशनगंज, नवादा और जमुई जिले में गरज के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण लू लगने से बक्सर और नालंदा में चुनाव कार्य के लिए आए दो चुनाव कर्मियों की मृत्यु हो गई। वहीं, बक्सर में चार लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। बक्सर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि इटाढी में मतदान कार्य के लिए योगदान करने आये एक शिक्षक नरेन्द्र सिंह की लू लगने से मृत्यु हो गई। वहीं

नालंदा में लू लगने से होमगार्ड की एक जवान की मौत हो गई। मृतक की पहचान रमेश प्रसाद बिन्द के रूप मे हुई है।

———————————————————————————————

इधर, गर्मी के चलते अस्पताल पहुँचने वाले मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद आठ जून तक स्कूलों में शिक्षण कार्य स्थगित कर दिया गया है। वहीं, शिक्षकों को स्कूल आने के निर्देश दिये गये है। आज भी बेगूसराय सहित कई जिलो में ड्यूटी के दौरान कई शिक्षक गर्मी के चलते बेहोश हो गए। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ और टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक संघ ने इस निर्णय का विरोध किया है। बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉक्टर सुरेश प्रसाद राय ने शिक्षकों को भीषण लू के प्रभाव से बचाने के लिए उन्हें छूट देने की मांग की है।

———बाईट———

———————————————————————————————

आज हिंदी पत्रकारिता दिवस है। हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा 30 मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा शुरू किए गए प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन से प्रारम्भ हुई। यह दिन सत्य और साहस के साथ जनकल्याण के उद्देश्य से कार्य करने वाले हिंदी पत्रकारों के विशेष योगदान को समर्पित है। एक रिपोर्ट

———बाईट———

हिन्दी पत्रकारिता दिवस सत्य और साहस के साथ जनकल्याण के उद्देश्य से कार्य करने वाले हिंदी पत्रकारों के विशेष योगदान को समर्पित है। आज ही 1826 में पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने पहले हिन्दी समाचार पत्र ष्उदन्त मार्तण्डष का प्रकाशन किया था। यह भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुआ। समाज और संस्कृति पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ा। इससे पत्रकारिता के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ी और नागरिकों को सही जानकारी प्रदान करने में हिंदी समाचार पत्रों का महत्व बढ़ा। हिन्दी समाचार कक्ष से अभिषेक कपिल।

———————————————————————————————

साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित मैथिली के विख्यात लेखक और साहित्यकार डॉक्टर कमलाकान्त झा का आज निधन हो गया। वे इक्कासी वर्ष के थे। वे डी.बी. कॉलेज जयनगर के मैथिली विभाग के अध्यक्ष भी रहे थे।

———————————————————————————————

मुजफ्फरपुर पनियवा रेलखंड के बीच दोहरीकरण कार्य और समस्तीपुर रेलमंडल के कुमारबाग और चनपटिया स्टेशन पर एनआई कार्य के कारण कई ट्रेनों को सोलह

जून तक रद्द कर दिया गया है। रद्द होनेवाली ट्रेनों में नरकटियागंज–मुजफ्फरपुर मेमो और नरकटियागंज–रक्सौल मेमो स्पेशल ट्रेन शामिल है। पूर्व–मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि मुजफ्फरपुर–नरकटियागंज एक्सप्रेस और पाटलिपुत्र–बगहा एक्सप्रेस के परिचालन में भी बदलाव किया गया है। इसके साथ ही कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जायेगा।

———————————————————————————

01. लोकसभा चुनाव के सातवें चरण को लेकर चुनाव प्रचार का शोर थमा। सभी दलों के नेताओं ने अंतिम दिन अपनी पूरी ताकत झोंकी।

02. एक जून को आरा, पाटलिपुत्र, पटना साहिब, बक्सर, काराकाट, जहानाबाद, सासाराम और नालंदा संसदीय क्षेत्रों में डाले जायेंगे वोट।

03. प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी। लू लगने से चुनाव ड्यूटी पर तैनात बक्सर और नालंदा जिले में दो कर्मियों की मौत।

04. और, मौसम विभाग ने कल भी पटना, नालंदा, शेखपुरा सहित कई जिलो में भीषण गर्मी को लेकर औरेंज अलर्ट जारी किया।

———————————————————————————

समाप्त हुआ।